# RECRUITMENT

## PRINCIPAL/ADMINISTRATION OFFICER


**ATAL AWASIYA VIDYALAYA SAMITI OFFICE**

2nd Floor B Block, Kisan Mandi Bhawan,
Vibhuti Khand, Gomti Nagar, Lucknow -226010 (U.P.)
Contact : 91-522-2723921,
Toll Free Number : 18001805412
Email- upbocboardlko@gmail.com, info@atalvidyalaya.org


Letter No.: 5594-95/AVS(2185)-22 Date : 02.12.2022

# PRESS RELEASE

18 Atal Awasiya Vidyalaya are being established in each division of Uttar Pradesh and the selection of Principal and Administration Officer is to be done on contract basis for Academic session 2023-2024.

Retired Principal from Jawahar Navodaya Vidyalaya / Sainik Schools, age not more than 65 years as on 01.07.2022 and Administration Officer, Ex-Army Gazetted Officer age not more than 50 years as on 01.07.2022, can only apply online through the link available on the UPBOCW Board's **website upbocw.in** till **31.12.2022 at 11:59 p.m.**

All further details are available on UPBOCW Board website.

**SECRETARY**
**Atal Awasiya Vidyalaya Samiti**

# भर्ति प्राचार्य / प्रशासनिक अधिकारी

## कार्यालय अटल आवासीय विद्यालय समिति

द्वितीय तल, B ब्लाक, किसान मण्डी भवन, विभूतिखण्ड,
गोमतीनगर, लखनऊ–226010 (उ0प्र0)
टेलीफोन : 91–522–2723921, टोल फ्री नं0– 18001805412
ई–मेल : upbocboardlko@gmail.com, info@atalvidyalaya.org

पत्रांक : 5594–95 / ए0वी0एस0–(2185)–22, दिनांक 02.12.2022

## प्रेस विज्ञप्ति

उत्तर प्रदेश के 18 मण्डलों में अटल आवासीय विद्यालयों की स्थापना की जा रही है। उक्त विद्यालयों के लिये प्रधानाचार्य एवं प्रशासनिक अधिकारी का चयन अनुबंध के आधार पर 01 वर्ष के लिए शैक्षणिक सत्र 2023–2024 हेतु किया जाना है।

तद्सम्बन्ध में प्रधानाचार्य पद हेतु जवाहर नवोदय विद्यालय / सैनिक स्कूल के अन्यून प्रधानाचार्य पद से सेवानिवृत्त ऐसे व्यक्ति जिनकी आयु दिनांक 01.07.2022 को 65 वर्ष से अधिक न हो तथा प्रशासनिक अधिकारी पद हेतु ऐसे भूतपूर्व सैनिक जो राजपत्रित अधिकारी रहें हों और जिनकी आयु दिनांक 01.07.2022 को 50 वर्ष से अधिक न हो, **दिनांक 31.12.2022 की रात्रि 11:59 बजे** तक केवल बोर्ड की **वेबसाइट upbocw.in** पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन कर सकते है।

उक्त के सम्बंध में अन्य सभी जानकारी UPBOCW BOARD की **वेबसाइट upbocw.in** पर उपलब्ध है।

**सचिव**
**अटल आवासीय विद्यालय समिति।**

# RECRUITMENT

TEACHERS (TGT)

## ATAL AWASIYA VIDYALAYA SAMITI OFFICE

2nd Floor B Block, Kisan Mandi Bhawan,
Vibhuti Khand, Gomti Nagar, Lucknow -226010 (U.P.)
Contact : 91-522-2723921,
Toll Free Number : 18001805412
Email- upbocboardlko@gmail.com, info@atalvidyalaya.org

Letter No.: 5594-95/AVS(2185)-22 Date : 02.12.2022

## PRESS RELEASE

18 Atal Awasiya Vidyalaya are being established in each division of Uttar Pradesh and the selection of Teachers (TGT) is to be done on contract basis for Academic session 2023-2024.

Retired persons from the post of Teachers of Jawahar Navodaya Vidyalaya / Sainik Schools / Kendriya Vidyalaya / Secondary Education Council, age not more than 65 years as on 01.07.2022, can only apply online through the link available on the UPBOCW Board's **website upbocw.in** till **15.01.2023 at 11:59 p.m.**

All further details are available on given UPBOCW Board website.

**SECRETARY**

**Atal Awasiya Vidyalaya Samiti**

# भर्ति शिक्षक (TGT)

# कार्यालय अटल आवासीय विद्यालय समिति

द्वितीय तल, B ब्लाक, किसान मण्डी भवन, विभूतिखण्ड,
गोमतीनगर, लखनऊ–226010 (उ0प्र0)
टेलीफोन : 91–522–2723921, टोल फ्री नं0– 18001805412
ई–मेल : upbocboardlko@gmail.com, info@atalvidyalaya.org

पत्रांक : 5594–95 / ए0वी0एस0–(2185)–22, दिनांक 02.12.2022

## प्रेस विज्ञप्ति

उत्तर प्रदेश के 18 मण्डलों में अटल आवासीय विद्यालयों की स्थापना की जा रही है। उक्त विद्यालयों के लिये अध्यापकों (TGT) का चयन अनुबंध के आधार पर 01 वर्ष के लिए शैक्षणिक सत्र 2023–2024 हेतु किया जाना है।

तद्सम्बन्ध में अध्यापक (TGT) जवाहर नवोदय विद्यालय / सैनिक स्कूल / केन्द्रीय विद्यालय / माध्यमिक शिक्षा परिषद के अध्यापक पद से सेवानिवृत्त ऐसे व्यक्ति जिनकी आयु दिनांक 01.07.2022 को 65 वर्ष से अधिक न हो, **दिनांक 15.01.2023 की रात्रि 11:59 बजे** तक केवल बोर्ड की **वेबसाइट upbocw.in** पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

उक्त के सम्बंध में अन्य सभी जानकारी बोर्ड की **वेबसाइट upbocw.in** पर उपलब्ध है।

**सचिव**
**अटल आवासीय विद्यालय समिति।**

# Terms, Eligibility Criteria & Fixed Remuneration

1. All given below vacancies comes under Atal Awasiya Vidyalaya on contract basis for 01 year, Atal Awasiya Vidyalaya has all rights to minimize and maximize the duration of tenure.
2. Details of number of vacancies, eligibility criteria and remuneration are given below:

| S.No | Designation | First Year Requirement | | Eligibility Criteria | Fixed Remuneration |
|---|---|---|---|---|---|
| | | @ARS | Total | | |
| 1 | **Principal** | 1 | 18 | • Retd. Navodaya/Sainik School Principal<br>• Age : 60-65 years (Preference will be given to the younger applicants)<br>• Good Health condition<br>• Desirable Add-ons (Preference will be given to the Awardees) | **INR 1,20,000** |
| **2** | **Admin** | **1** | **18** | • Ex-army Gazetted officer<br>• Age : Not Exceeding 50 Years<br>• Good health conditions<br>• Desirable Add-ons (Preference will be given to those who worked in Education / Administration / Management ) | **INR 1,05,000** |
| **3** | **Teachers** | **11** | **198** | • Retd.Navodaya/Sainik School Teachers/KVS/Madhyamik<br>• Age : 60-65 years (Preference given to the younger applicants)<br>• Good Health condition<br>• Desirable Add-ons (Preference will be given to the Awarded Teachers) | **INR 62,000** |
| | **Total** | **13** | **234** | | |

**(SUBJECT WISE LIST OF REQUIRED TEACHERS AS PER SCHOOL FOR FIRST YEAR**

| S.No | Subjects | No. of Teachers |
|---|---|---|
| 1 | English (TGT) | 1 |
| 2 | Hindi (TGT) | 1 |
| 3 | Mathematics (TGT) | 1 |
| 4 | Science (TGT) | 1 |
| 5 | Social/Studies (TGT) | 1 |
| 6 | PET Male / Female (TGT) | 2 |
| 7 | Art/Craft (TGT) | 1 |
| 8 | Music (TGT) | 1 |
| 9 | Computer/GK (TGT) | 1 |
| 10 | Sanskrit/Moral Values (TGT) | 1 |
| | **Total** | **11** |

**3. Terms & conditions for above posts :**

**Principal –**

(i) Age must not be more than 65 years as on 01.07.2022 (Preference will be given to the younger applicants)
(ii) Only retired Principals from Navoday/Sainik School can apply.
(iii) Per month fixed remuneration will be INR 1,20,000/- (Rupees One Lac Twenty Thousand Only). No other perks will be given to the candidates apart from the salary.
(iv) Preference will be given to the Awarded applicant
(v) Good health Condition

**Admin Officer –**

(i) Age must not be more than 50 years as on 01.07.2022.
(ii) Only Ex-Army Gazetted Officer can apply.
(iii) Per month fixed remuneration will be INR 1,05,000/- (Rupees One Lac Five Thousand Only). No other perks will be given to the candidates apart from the salary.
(iv) Preference will be given to those who have worked in Education / Administration / Management )
(v) Good health Condition

**Teachers (TGT) –**

(i) Age must not be more than 65 years as on 01.07.2022 (Preference will be given to the younger applicants).

(ii) Only retired Teachers from Navoday/Sainik School/KVS/Madhyamik Shiksha Parisad can apply.

(iii) Per month fixed remuneration will be INR 62,000/- (Rupees Sixty T wo Thousand Only). No other perks will be given to the candidates apart from the salary.

(iv) Preference will be given to the Awarded teachers

(v) Good health Condition

**Process to apply on above positions –**

(i) Application will be accepted through online process only.

(ii) Last of application for Principal & Admin officer will be 31.12.2022 at 11:59pm.

(iii) Last of application for Teachers (TGT) will be 15.01.2023 at 11:59pm.

(iv) Self attested document must be attached with the application wherever applicable.

(v) Shortlisted candidates list will be uploaded on UPBOCW Board website upbocw.in



**Note:**

1. Atal Awasiya Vidyalaya Samiti reserve all rights to send any shortlisted candidate to any Atal Awasiya Vidyalaya in U.P.
**Schools List given below:**

| DIVISIONS | SCHOOL ADDRESS |
|---|---|
| AGRA | Village : Korai , Tehsil : Kirawali , District : Agra |
| ALIGARH | Village : Tamkoli , Tehsil : Gabhana , District : Aligarh |
| AYODHYA | Village : Amrai , Tehsil : Rudauli , District : Ayodhya |
| AZAMGARH | Village : Gambhirban , Tehsil : Sadar , District : Azamgarh |
| BASTI | Village : Basevrai , Tehsil : Hariya , District : Basti |
| BAREILLY | Village : Adhkata Nazrana , Tehsil : Nawabganj, District : Bareilly |
| CHITRAKOOT | Village : Achroda , Tehsil : Sadarbaanda , District : Baanda |
| DEVIPATNAM | Village : Siswa , Tehsil : Mankapur , District : Gonda |
| JHANSI | Village : Daurra , Tehsil : Lalitpur , District : Lalitpur |
| KANPUR | Village : Rampur Narua , Tehsil : Bilhaura, District : Kanpur |
| LUCKNOW | Village : Sithauli Kalan , Tehsil : Mohanlaal Ganj , District : Lucknow |
| MEERUT | Village : Kaundu , Tehsil : Sikandrabad , District : Bulandsahar |
| MIRZAPUR | Village : Kota , Tehsil : Robert Ganj , District : Sonbhadra |
| PRAYAGRAJ | Village : Belhat , Tehsil : Kaurwan , District : Prayagraj |
| GORAKHPUR | Village : Pipra , Tehsil : Sehajnawan , District : Gorakhpur |
| MURADABAD | Village : Peepli , Tehsil : Bilhari , District : Muradabad |
| SAHARANPUR | Village : Nagla Bujurg , Tehsil : Jaansath , District : Muzaffarnagar |
| VARANASI | Village : chaubepur , Tehsil : chaubepur , District : Varanasi |

**2.** All further details will be uploaded on UPBOCW BOARD website ***upbocw.in***



# अटल आवासीय विद्यालय

**1 करोड़ निर्माण श्रमिकों के बच्चे भरेंगे शिक्षा की उड़ान**

## सर्वेषां शिक्षायाः अधिकारः



"मेरे पास भारत का एक विजन है:
निरक्षरता और अभाव से मुक्त भारत,
भूख और भय से मुक्त भारत।"

श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी

# हमारे सपनों को पूरा करने के लिए धन्यवाद

मां सही कहती थी...सपने देखने चाहिंए...पूरे तो कभी न कभी हो ही जाते हैं। हमारा सपना भी पूरा होने जा रहा है...हमें भी बाकि बच्चों की तरह पढ़ने, खेलने और कुछ बनने का मौका मिल रहा है। हम आभारी हैं ऐसी सोच, इस सरकार और बोर्ड के, जिन्होंने हमारे माता–पिता की मजबूरियों को समझते हुए हमें भी जीवन जीने के समान अवसर देने की योजना बनाई है। ऐसे सुनहरे अवसर का हम अवश्य ही सदुपयोग करेंगे और अपने माता पिता को गौरवान्वित होने का मौका अवश्य देंगे।



हमने पिता जी को रोज़ काम पर जाते देखा है। मां भी काम पर जाने के लिए जल्दी जल्दी घर का सारा काम निपटाती है । हम घर ही रहते हैं और हमारे लिए हर दिन एक नया काम तैयार रहता है। कभी छोटे भाई–बहन की देखभाल तो कभी मोहल्ले के बच्चों के साथ कोई नया खेल। बस इतनी ही होती है हमारी दिनचर्या। बाकि बच्चों को सवेरे अच्छे से तैयार होकर बस्ते टांगे स्कूल जाते देखा है। हमारा भी मन करता है उनकी तरह पढ़ने का, स्कूल जाने का और दिन की शुरूआत साफ–सुंदर तरीके से करने का। मां और पिता जी से कई बार बोला भी, ऐसा नहीं कि उन्होंने कोशिश नहीं की। हमें लेकर गए विद्यालय, लेकिन कुछ दिन पढ़ाने के बाद न तो पिता जी के पास फीस के पैसे बचे और न ही हमारा वहां मन लगा। कोई हमसे बात ही नहीं करता। तो हमने विद्यालय जाना ही छोड़ दिया।

लेकिन अब हमारे लिए...सिर्फ हमारे लिए ये विद्यालय खोले जा रहे हैं। जहां हम सब एक साथ पढ़ाई कर पाएंगे। जहां कोई बड़ा–छोटा नहीं होगा और न ही कोई हमें हीन भावना से देखेगा और तो और अब पिता जी को फीस की भी चिंता नहीं करनी होगी। घर में इतने लोग रहते हैं और पढ़ने का माहौल भी नहीं बन पाता। इसका भी निदान होगा इन स्कूलों में...अब हमारा स्कूल ही हमारा घर होगा। हमारी सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जाएगा और पढ़ाई के साथ–साथ खेलने कूदने और कितने ही गुण हमें सिखाए जाएंगे। जिस जीवन की हम कल्पना कर रहे थे...वो अब पूरा होता दिख रहा है।

# अटल आवासीय विद्यालय

विद्याधनम् सर्वधनात् प्रधानम्....अर्थात शिक्षा से बड़ी कोई पूंजी नहीं। और इस पूंजी पर सभी का समान अधिकार है। शिक्षा ही जीवन का आधार है। किसी भी समाज के विकास की नींव शिक्षित नागरिक ही होते हैं। व्यक्ति से समाज और समाज से देश की दिशा और दशा बदलने में साक्षर नागरिकों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण होता है।

बिना किसी भेदभाव के समाज के हर वर्ग को शिक्षा प्रदान करने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा एक प्रशंसनीय कदम उठाया जा रहा है। जिसके तहत बोर्ड के साथ पंजीकृत 1 करोड़ निर्माण श्रमिक परिवारों के नौनिहालों के भविष्य को रौशन करने की तैयारी है। इन श्रमिक परिवारों के घर भी शिक्षा की लौ प्रज्वलित होगी।



"अटल आवासीय विद्यालय" उत्तर प्रदेश सरकार की पहल है जिसके तहत 1 करोड़ निर्माण श्रमिकों के बालक–बालिकाओं को उच्च गुणवत्ता वाली प्रौद्योगिकी शिक्षा निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। पूरे प्रदेश में प्रत्येक मण्डल में 18 आवासीय विद्यालय खोले जाएंगे जिसका मुख्य लक्ष्य समाज के उपेक्षित वर्ग को मुख्य धारा में सम्मिलित करना और सामाजिक न्याय करते हुए इस वर्ग के बच्चों को भी शिक्षा का अधिकार प्रदान कराना है। ये ही बच्चे भविष्य में अपने समुदाय का नेतृत्व कर उन्हें समाज में समानता का अधिकार दिलाएंगे।

# विजन



रंग, धर्म, जाति, समुदाय और आर्थिक स्तर के बंधनों से इतर सामाजिक न्याय करते हुए सभी वर्गों के बालक–बालिकाओं को शिक्षा प्रदान करना ही अटल आवासीय विद्यालय का परम लक्ष्य है। सामर्थ्यवान बालक–बालिकाओं को सकारात्मक एवं सुरक्षित वातावरण में शिक्षा के समान अवसर उपलब्ध कराने और उचित मार्गदर्शन कर जीवन के हर पहलु के लिए उन्हें तैयार करने के उद्देश्य के साथ ही 1 करोड़ पंजीकृत निर्माण श्रमिक परिवारों के बच्चों के उज्जवल भविष्य की आधारशिला स्थापित की जा रही है। समाज की विविधताओं के बीच विद्यालय की कक्षा में समानता एवं सामंजस्य स्थापित कर सभी छात्रों को साक्षर होने की स्वतंत्रता प्रदान कर ही समाज के इस उपेक्षित वर्ग के सपनों को मूर्त रूप दिया जा रहा है।

# मिशन

1 करोड़ श्रमिक परिवारों के सक्षम बालक–बालिकाओं को गुणवत्तापरक एवं उच्च शिक्षा और अपनी सभ्यता व संस्कृति से रूबरू होने के सुनहरे अवसर उपलब्ध कराना अटल आवासीय विद्यालय का मिशन है।

शुरूआती स्तर पर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में 18 अटल आवासीय विद्यालय स्थापित किए जाने की योजना है। यहां पर श्रमिक परिवारों के बच्चे निःशुल्क शिक्षा प्राप्त करेंगे। जिससे जीवन स्तर उन्नयन के साथ साथ उनका मानसिक, शैक्षिक एवं शारीरिक विकास होगा।

अटल आवासीय विद्यालय में ऐसे बच्चों को भी प्रवेश प्रदान किया जाएगा जिनके परिवार कोविड–19 महामारी की भेंट चढ़ गए। ऐसे बच्चों के जीवन में अटल आवासीय विद्यालय नया सवेरा लेकर आएंगे।



# मुख्य स्तंभ

अटल आवासीय विद्यालयों की आधारशिला ये मुख्य मूल्य है –

<u>साक्षरता</u> युवा पीढ़ी को देश की ताकत बनाना ही अटल आवासीय विद्यालय का मुख्य लक्ष्य है। 1 करोड़ पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों को शिक्षा के समान अवसर प्रदान करने की योजना प्रदेश सरकार की दूरदर्शी सोच की परिचायक है।

<u>सामाजिक न्याय</u> अटल आवासीय विद्यालय इसी तर्ज पर स्थापित किए जा रहे हैं कि समाज का कोई भी वर्ग मूल अधिकारों से वंचित न रहने पाए।

<u>उत्तरदायित्व</u> निर्माण श्रमिक परिवारों के बच्चों को समाज के अन्य वर्गों के समकक्ष लाकर खड़ा करने से उनमें उत्तरदायित्व की भावना का भी विकास होगा। ये बच्चे ही भविष्य में अपने तबके का प्रतिनिधित्व कर सकते हैं और अपने अधिकारों के लिए आवाज़ बुलद कर सकते हैं।

<u>नवीनीकरण</u> शिक्षा, विद्यालय, छात्र एवं साक्षरता मिशन ये सदियों से चला आ रहा है लेकिन इसमें नयापन और आवश्यक परिवर्तन ला रहा है अटल आवासीय विद्यालय। अटल आवासीय विद्यालय ने निर्माण श्रमिक, जो मेहनत मज़दूरी कर दूसरों के सपनों के घरों को मूर्त रूप देते हैं, उनके घरों को रौशन करने का ज़िम्मा उठाया है।

# हमारे बच्चे, हमारी ताकत

अटल आवासीय विद्यालयों में ऐसे बच्चों को सहारा दिया जाएगा जो असमानताओं के दंश को झेलते हुए आगे बढ़ पाने में असमर्थ होते हैं। कोई सामाजिक ढांचे तो कोई नीयती के आगे घुटने टेक देता है। कितने ही ऐसे बच्चे हैं जिन्होंने वैश्विक महामारी में अपनों को खोने की असहनीय पीड़ा झेली है। ऐसे ही बच्चों में देश का भविष्य ढूंढ रहा है अटल आवासीय विद्यालय। जो ऐसे बच्चों को सपनों की उड़ान भरने और हौसला न हारने के लिए प्रेरित करेगा। ऐसे ही बच्चे अटल आवासीय विद्यालय की शक्ति हैं।



# विशेषताएं

पंजीकृत निर्माण श्रमिक परिवारों के बच्चों और कोविड–19 में अपना सब कुछ गंवा बैठे बच्चों के भविष्य को संवारने का दायित्व लिया है अटल आवासीय विद्यालय ने। इस लक्ष्य को प्राप्त करने की राह आसान नहीं रहने वाली है। इन बच्चों को मुख्य धारा में सम्मिलित करने के लिए और बेहतर से बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए सुविधाओं का भी विशेष ध्यान रखा गया है।


**नि:शुल्क आवासीय सी0बी0एस0ई0 विद्यालय** 1 करोड़ निर्माण श्रमिक परिवार के बालक–बालिकाओं को गुणवत्तापरक शिक्षा नि:शुल्क प्रदान करने के लिए समस्त अटल आवासीय विद्यालयों को शीघ्र ही सी0बी0एस0ई0 से संबंद्ध कराया जाएगा।

**बच्चों का सर्वांगीण विकास** पढ़ाई के साथ–साथ पाठ्येतर (अतिरिक्त शैक्षणिक) गतिविधियां भी कराई जाएंगी। पाठ्येतर गतिविधियां छात्रों के जीवन और भविष्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। विविध समूहों के संपर्क में आने से छात्रों को सामाजिक रूप से बुद्धिमान और जिम्मेदार नागरिक बनने में मदद मिल सकती है।

**एकेडिमिक करीकुलम (केन्द्रीय एकेडिमिक टीम द्वारा निर्मित) एवं तकनीक से परिपूर्ण करीकुलम** यहां शिक्षा एवं अवस्थापना की सुविधाएं बेहतर होंगी एवं यह सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की तरह रहेगा। विषय के बारे में तकनीकी जानकारी देने के लिए कम्प्यूटर, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान, गणित एवं भूगोल विषयों के लिए लैब भी बनवाई जाएंगी।

**हरियाली से परिपूर्ण विद्यालय कैंपस** विद्यालय के परिवेश को स्वास्थ्यवर्धक और सकारात्मक बनाने के लिए प्रचुर मात्रा में पेड़ पौधे लगाए जाएंगे। हरियाली से परिपूर्ण वातावरण बच्चों के पढ़ने के लिए सर्वश्रेष्ठ होगा।

# प्रवेश प्रक्रिया



प्रवेश के लिए नोटिफिकशन जारी किया जाएगा व इसी के साथ प्रवेश प्रक्रिया की संपूर्ण सारणी जारी की जाएगी। जिसके तहत बोर्ड के साथ पंजीकृत श्रमिक ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदक को प्रवेश परीक्षा देनी होगी और मेरिट के आधार पर छात्र का चयन किया जाएगा। यह प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात चयनित छात्र को प्रवेश पत्र सौंपा जाएगा।

# विद्यालयों की स्थापना हेतु चिन्हित स्थान




# अटल आवासीय विद्यालय समिति, मुख्यालय

द्वितीय तल बी ब्लाक किसान मंडी भवन विभूति खण्ड

गोमती नगर लखनऊ – 226010

AtalAwasiya    Atalvidyalaya    Atal Awasiya Vidyalaya